हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 11 अक्टूबर 2026
सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 रात की अघोषित बिजली कटौती व झूलते तारों के खिलाफ किसानों ने किया प्रदर्शन



09 पंचायत क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने पर सरपंच का सम्मान...



खबर संक्षेप

आज बीएसआई मैदान पर अंडर-22 खिलाड़ियों का होगा पंजीयन

सीहोर। एमपीसीए और बीडीसीए के निर्देश पर रविवार को शहर के बीएसआई मैदान पर अंडर-22 जिला क्रिकेट टीम के लिए खिलाड़ियों का पंजीयन किया जाएगा। इसके बाद 13 अक्टूबर से दो दिवसीय ट्रायल मैच आयोजित होंगे। ट्रायल और अन्य चयन गतिविधियों के आधार पर जिला स्तरीय अंडर-22 टीम का गठन किया जाएगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं विधायक सुदेश राय के मार्गदर्शन में चयन प्रक्रिया की तैयारियां की गई हैं। एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी और कोषाध्यक्ष वीरू वर्मा ने सीनियर खिलाड़ियों की चयन समिति गठित की है। समिति के सदस्य खिलाड़ियों के प्रदर्शन और खेल कौशल के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी करेंगे। प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार को सुबह 11 बजे से बीएसआई मैदान पर पंजीयन प्रक्रिया शुरू होगी। इसमें भैरुंदा, बुधनी, आष्टा, इछावर, श्यामपुर, सीहोर, दोराहा, अहमदपुर, जावर, मेहतवाड़ा और बिलकिसगंज सहित जिले के सभी क्षेत्रों के 22 वर्ष तक की आयु वाले खिलाड़ी शामिल हो सकेंगे। पंजीयन के बाद 13 अक्टूबर से दो दिवसीय ट्रायल मैच आयोजित किए जाएंगे। इन मैचों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के साथ उनकी तकनीक, प्रतिभा और खेल क्षमता का आकलन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद जिला स्तरीय अंडर-22 टीम की घोषणा की जाएगी। चयन प्रक्रिया के लिए गठित समिति में मोहनिश त्रिवेदी, आशीष शर्मा, महेंद्र शर्मा, अभिषेक परसाई, चेतन मेवाड़ा और आशीष मेवाड़ा सहित अन्य सीनियर खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। समिति के सदस्य ट्रायल मैचों के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर रखेंगे। जिला क्रिकेट एसोसिएशन का उद्देश्य जिले के प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करना और उनके प्रदर्शन के आधार पर मजबूत जिला टीम तैयार करना है।

आंवलीघाट का विशेष महत्व: संगम स्थल पर उमड़ी भीड़, पितरों की शांति के लिए तर्पण, श्राद्ध और दान-पुण्य

पितृमोक्ष अमावस्या: नर्मदा घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

हिंदू धर्म में आश्विन कृष्ण पक्ष की अमावस्या को सर्वपितृ अमावस्या कहा जाता है। यह पितृ पक्ष की अंतिम तिथि होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन पूर्वजों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण और दान करने का विशेष महत्व है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मां नर्मदा के पावन तट, हाथों में पूजन सामग्री, जल में अर्पित होती श्रद्धा की अंजलि और पूर्वजों की शांति के लिए प्रार्थना करते श्रद्धालु। पितृ मोक्ष अमावस्या पर सीहोर जिले के नर्मदा घाटों पर ऐसा ही भक्तिमय दृश्य देखने को मिला। आंवलीघाट, नीलकंठ, छीपानेर, सातदेव और बुधनी सहित प्रमुख तटों पर सुबह से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह 11 बजे तक करीब 4 लाख श्रद्धालुओं के आस्था की डुबकी लगाने की जानकारी सामने आई। श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान के साथ पितरों का तर्पण, श्राद्ध और दान-पुण्य कर अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा तथा यातायात के व्यापक इंतजाम किए।

नर्मदा तटों पर श्रद्धा का सैलाब, दो दिन पहले से पहुंचने लगे थे श्रद्धालु

पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर जिले के प्रमुख नर्मदा घाटों पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला दो दिन पहले से ही शुरू हो गया था। शनिवार सुबह होते-होते घाटों पर भीड़ बढ़ती गई। आंवलीघाट, नीलकंठ और छीपानेर के साथ बुधनी क्षेत्र के विभिन्न तटों पर श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में स्नान कर पुण्य लाभ की कामना की। परिवारों के साथ पहुंचे लोगों ने विधि-विधान से पूजन किया और अपने दिवंगत परिजनों का स्मरण करते हुए जल अर्पित किया।

पितरों की शांति के लिए तर्पण, श्राद्ध और दान-पुण्य

हिंदू धर्म में आश्विन कृष्ण पक्ष की अमावस्या को सर्वपितृ अमावस्या कहा जाता है। यह पितृ पक्ष की अंतिम तिथि होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन पूर्वजों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण और दान करने का विशेष महत्व है। जिन लोगों को अपने पितरों की मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं होती या जो किसी कारणवश पितृ पक्ष में श्राद्ध नहीं कर पाते, वे इस दिन अपने पूर्वजों के लिए धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। श्रद्धालुओं ने नर्मदा जल अर्पित कर पितरों की शांति और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।



कई लोगों ने सामर्थ्य के अनुसार अन्न, वस्त्र और अन्य सामग्री का दान भी किया।

आंवलीघाट का विशेष महत्व, संगम स्थल पर उमड़ी भीड़

सीहोर जिले का प्रसिद्ध आंवलीघाट धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। नर्मदा और हथनूर नदी के संगम स्थल के रूप में इसकी विशेष पहचान है। पितृ मोक्ष अमावस्या पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। घाट पर स्नान, पूजन और तर्पण के लिए लोगों की आवाजाही बनी रही। श्रद्धालुओं के लिए यह अवसर केवल धार्मिक परंपरा निभाने का नहीं, बल्कि अपने पूर्वजों को भावपूर्ण स्मरण कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी रहा।

घाटों पर बैरिकेडिंग, नदी में उतरने के लिए निर्धारित सीमा

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और नदी में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आंवलीघाट पर विशेष व्यवस्थाएं की गईं। नर्मदा तट से करीब 15 से 20 फीट की दूरी पर बैरिकेड्स लगाए गए, ताकि श्रद्धालु निर्धारित सुरक्षित क्षेत्र में रहकर स्नान कर सकें। घाटों पर एसडीआरएफ के विशेष बल, गोताखोरों और महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। प्रशासन का उद्देश्य स्नान के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकना और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा।

300 से अधिक जवानों की तैनाती, भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

भीड़ के कारण यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए पुलिस ने रूट डायवर्जन और पार्किंग की व्यवस्था की। यातायात प्रभारी बृजमोहन धाकड़ के अनुसार, शुक्रवार दोपहर 12 बजे से सलकनपुर मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया था। ऐसे वाहनों को मालीबायां और बुधनी की ओर से निर्धारित वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट किया गया। सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस, होमगार्ड, विशेष सशस्त्र बल और ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों सहित 300 से अधिक जवान तैनात किए गए।

चार स्थानों पर पार्किंग, वापसी के लिए वैकल्पिक मार्ग

आंवलीघाट पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए मछवाई भवन के पास, केसरिया ढाबे के पीछे मरदानपुर रोड पर, गजीद रोड के समीप और ओवरब्रिज के पास पार्किंग स्थल बनाए गए। स्नान और पूजन के बाद वापसी के लिए वाहनों को मरदानपुर रोड, मांजर कुई और नया गांव जोड़ होते हुए रेहटी की ओर डायवर्ट करने की व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं से निर्धारित मार्गों और पार्किंग स्थलों का उपयोग करने की अपील की गई, ताकि यातायात सुचारू बना रहे।

सलकनपुर में भी बढ़ी चहल-पहल, नवरात्रि की तैयारियों का माहौल

पितृ मोक्ष अमावस्या के साथ रविवार, 11 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाली शारदीय नवरात्रि को लेकर प्रसिद्ध शक्तिपीठ सलकनपुर स्थित मां विजयासन देवी धाम में भी भक्तों की चहल-पहल बढ़ गई। नर्मदा घाटों पर पितरों के प्रति श्रद्धा और देवी धाम में मां के दर्शन की तैयारी ने पूरे क्षेत्र को धार्मिक वातावरण से भर दिया। आस्था, परंपरा और सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कर पूर्वजों की शांति तथा परिवार के मंगल की कामना की।

जिला चिकित्सालय में मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस, जागरूकता रैली व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

सीहोर। जिला चिकित्सालय सीहोर में सिविल सर्जन के मार्गदर्शन में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा मानसिक समस्याओं से जुड़े भ्रम और सामाजिक भेदभाव को दूर करना था।



कार्यक्रम में डॉ. आर.के. वर्मा, मनोचिकित्सक डॉ. अर्शी सैयद एवं डॉ. प्राजक्ता कुलकर्णी, काउंसलर पल्लवी सोलंकी तथा उमंग काउंसलर ममतेश राठौर सहित संबंधित स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर तहसील चौराहा से जिला चिकित्सालय तक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, मानसिक समस्याओं के शुरुआती लक्षणों की पहचान तथा समय पर परामर्श एवं उपचार लेने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सकारात्मक सोच विकसित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में उमंग क्लीनिक एवं मनकक्ष की सेवाओं की जानकारी दी गई। काउंसलर ममतेश राठौर ने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उपायों के प्रति लोगों को जागरूक किया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता के लिए Mannhit ऐप तथा टेली-मानस हेल्पलाइन नंबर 14416 की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम में बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। तनाव, चिंता या अन्य मानसिक परेशानियों की स्थिति में व्यक्ति को संकोच किए बिना विशेषज्ञों से परामर्श लेना चाहिए।

मंडी में अव्यवस्थाएं: कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी, 15 दिन में सुधार नहीं हुआ तो करेंगे उग्र प्रदर्शन, सुरक्षा गार्डों की भी कमी

सीहोर। कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने कृषि उपज मंडी की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मंडी में सुरक्षा, पेयजल और बेसहारा मवेशियों से जुड़ी समस्याएं मिलने का दावा करते हुए मंडी प्रशासन को 15 दिन में सुधार करने का समय दिया है। शर्मा ने कहा कि तय समय में व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं तो कांग्रेस आंदोलन करेगी।



25 में से 10 सुरक्षा गार्ड ही संभाल रहे सुरक्षा

पंकज शर्मा ने कहा कि कृषि उपज मंडी सीहोर और आसपास के किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। यहां रोजाना बड़ी मात्रा में कृषि उपज की तुलाई होती है, लेकिन किसानों और व्यापारियों के लिए जरूरी सुविधाओं की कमी है। उन्होंने दावा किया कि मंडी में कुल 25 सुरक्षा गार्ड स्वीकृत हैं, लेकिन केवल 10 गार्ड ही सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं। इसके कारण अक्सर विवाद की स्थिति बनती है। उनका आरोप है कि सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही के चलते बेसहारा मवेशी मंडी परिसर में घूमते रहते हैं, जिससे उपज के नुकसान के साथ दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।

टंकी की सफाई और पाइपलाइन को लेकर भी सवाल

शर्मा ने पेयजल व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि पानी की टंकी की कई साल से सफाई नहीं हुई है। इससे गंदा पानी पीने से बीमारी का खतरा बना रहता है। वहीं, पाइपलाइन टूटने से रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद होने की बात भी कही।

मंडी प्रशासन ने कहा- सफाई और सुरक्षा की व्यवस्था है

मंडी प्रशासन का कहना है कि परिसर में नियमित साफ-सफाई कराई जाती है और सुरक्षा के लिए गार्ड भी तैनात हैं। कांग्रेस प्रवक्ता के आरोपों के बीच अब 15 दिन में व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की गई है।

बजरंगी बोले: गरबा सनातन संस्कृति और माता की आराधना, शालीनता के साथ हो रहा गरबा

बजरंगी सनातन संस्कृति, गाय गंगा गांव के परम रक्षक: अरुणा राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विधर्मियों की तरह व्यवहार मत करो, बजरंगी कार्यकर्ता तोड़ कर रख देंगे। आदिशक्ति जगदंबा की आराधना गरबा में विघ्न डालने वालों को बजरंगी सबक सिखाएंगे उक्त बात क्रिसेंट गरबा महोत्सव प्रशिक्षण के मंच पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला अध्यक्ष रेवा शंकर जाट ने कहीं।

आवासीय खेलकूद मैदान पर मल्टीपरपज हाल में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। सम्मान समारोह का शुभारंभ समाज सेविका एवं गरबा महोत्सव की संयोजिका अरुणा सुदेश राय और विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों के द्वारा दुर्गा माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन अर्चना के साथ किया गया।

इनका हुआ मंच पर सम्मान

समाजसेविका श्रीमती अरुणा सुदेश राय ने हिंदू परिषद बजरंग दल जिलाध्यक्ष रेवा शंकर जाट, जिला मंत्री राजेश गुप्ता, जिला शाह मंत्री मंगलेश वर्मा, जिला संयोजक प्रभात मेवाड़ा, नगर अध्यक्ष परमवीर जाट नगर पदाधिकारी अर्जुन सोनी, यज्ञेश हिंदू, गिरीश पाठक, अक्षय साहू, समीर राय, ललित पाराशर, राज खरे अमित दांगी का तिलक लगाकर शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंटकर पुष्प मालाए पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

विहिप है तो सनातन सुरक्षित है

समाज सेविका अरुणा सुदेश राय ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर भारतीय संस्कृति और गाय गंगा गांव मातृशक्ति की रक्षा करने का दायित्व है इस दायित्व को हमारे जिले के पदाधिकारी कार्यकर्ता सक्रियता के साथ निभा रहे हैं सनातन धर्म सुरक्षित हैं उन्होंने कहा कि जब भी सनातन संस्कृति पर हमला होता है विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता जवाब देते हैं यही हमारी एकता शक्ति के पुंज हैं।

शालीनता के साथ हो रहा गरबा

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी जगदीश कुशवाहा ने कहा कि अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच के द्वारा प्रदेश का सबसे बड़ा सामूहिक गरबा कार्यक्रम आवासीय खेलकूद मैदान पर आयोजित किया जा रहा है।

अत्यधिक शालीनता और सुरक्षा के साथ तीन हजार से अधिक बालिकाएं माता की आराधना करने के लिए सामूहिक गरबा प्रशिक्षण ले रही। कुछ लोगों को भारतीय संस्कृति का बढ़ता प्रभाव और माता की भक्ति के लिए किया जा रहा गरबा हजम नहीं हो रहा है जबकि गरबा आयोजन से किसी को कोई भी परेशानी नहीं है।

दुग्ध समितियों में किया गया पौधारोपण

सीहोर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले की दुग्ध समितियों में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान समितियों के परिसर में पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में संबंधित समिति के सदस्यों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए पौधों की देखभाल और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

पौधारोपण का उद्देश्य पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित बनाए रखने के साथ ही आमजन को प्रकृति के प्रति जागरूक करना है। सेवा संकल्प अभियान के तहत जनभागीदारी से सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

खबर संक्षेप

आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा नवरात्रि पर्व

सीहोर। शहर के बढ़यिाखेड़ी स्थित अटल पार्क में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अटल नव दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में क्षेत्रवासियों के सहयोग से शारदीय नवरात्रि पर्व आस्था, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। नौ दिवसीय नवरात्रि के दौरान अटल पार्क में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। संरक्षक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, समाजसेवी अखिलेश राय, विधायक सुदेश राय, निलेश राय सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। नवरात्रि पर्व को लेकर अटल पार्क को आकर्षक रूप से सजाया गया है। समिति द्वारा पार्क में रंग-बिरंगी झालरों और आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है, जिससे पूरा परिसर नवरात्रि के रंग में रंगा नजर आ रहा है। मां दुर्गा की स्थापना के साथ प्रतिदिन धार्मिक वातावरण में विशेष पूजन-अर्चन और आरती की जाएगी। समिति के अनुसार नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव के दौरान भजन संध्या, डमरू आरती, गरबा और महाआरती सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

12 से 14 तक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

सीहोर। शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सीहोर में 12 से 14 अक्टूबर 2026 तक विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में तकनीकी मार्गदर्शन, नवाचार एवं आइडिया जनरेशन, करियर काउंसलिंग, उद्यमिता एवं स्टार्टअप, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर तथा तकनीकी मॉडल एवं प्रोटोटाइप निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में नए अवसरों से अवगत कराना, नवाचार के प्रति प्रोत्साहित करना तथा रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना है। जिले के सभी शासकीय आईटीआई, विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों एवं युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है, ताकि वे कार्यशाला में शामिल होकर तकनीकी ज्ञान एवं कौशल विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों का लाभ प्राप्त कर सकें।

पूर्व विधायक के पौत्र को केंद्र में अहम जिम्मेदारी

कांटाफोड़। बागली विधानसभा क्षेत्र की सार्वजनिक जीवन से जुड़ी विरासत में एक नया अध्याय जुड़ा है। क्षेत्र के पूर्व विधायक गणपत पटेल के पौत्र योगेश पटेल को भारत सरकार के संचार मंत्रालय द्वारा उज्जैन संभाग टेलीफोन सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन की खबर सामने आने के बाद कांटाफोड़-बागली क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।



बरखेड़ी सब स्टेशन पर गूंजे नारे, जिम्मेदार विद्युत अधिकारियों पर एफआईआर करने की मांग की

रात की अघोषित बिजली कटौती व झूलते तारों के खिलाफ किसानों ने किया प्रदर्शन

किसान बोले रात्रि 8 बजे से सुबह तक हर दो घंटे में बिजली कटौती की जाती है, जिसके कारण उन्हें पूरी रात में करीब 6 से 7 घंटे तक बिजली नहीं मिल पाती।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के दर्जनों गांवों के किसानों ने बरखेड़ी विद्युत मंडल सब स्टेशन पर एकत्रित होकर रात में बिजली कटौती और खेतों व गांवों के आसपास झूलते विद्युत तारों की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। किसान एवं समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा, क्षेत्रीय जनपद सदस्य और अन्य किसानों के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में विद्युत मंडल के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर समस्याओं के निराकरण और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की गई।

किसानों का आरोप है कि रात्रि 8 बजे से सुबह तक हर दो घंटे में बिजली कटौती की जाती है, जिसके कारण उन्हें पूरी रात में करीब 6 से 7 घंटे तक बिजली नहीं मिल पाती। इससे खेती-किसानी और सिंचाई के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। किसानों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय बिजली कटौती से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने खेतों और गांवों के आसपास झूलते 11 केवी विद्युत तारों की समस्या भी उठाई। किसानों का कहना है कि विद्युत मंडल की लापरवाही के कारण करंट लगने से कई लोग घायल हो चुके हैं, जबकि कुछ लोगों और गाय-भैंस जैसे मवेशियों की जान भी जा चुकी है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से किसानों में आक्रोश है। किसान एवं समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा ने कहा कि पिछले तीन महीने से 25 गांवों के 500 से अधिक किसान भोपाल और सीहोर में लगातार आंदोलन कर रहे हैं। किसान जल सत्याग्रह, पेड़ों पर घंटियां बजाकर प्रदर्शन और विभिन्न सरकारी कार्यालयों में अपनी मांगें उठाकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर चुके हैं, लेकिन अब तक उनकी प्रमुख समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है।

किसानों की प्रमुख मांग है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय होने वाली बिजली कटौती बंद की जाए। उनका कहना है कि यदि बिजली कटौती आवश्यक है, तो इसके लिए अन्य विकल्पों पर विचार किया जाए, ताकि किसानों को पूरी रात अंधेरे और परेशानी का सामना न करना पड़े तथा सिंचाई कार्य प्रभावित न हों। इसके अलावा किसानों ने विद्युत दुर्घटनाओं के मामलों में निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि करंट से हुई दुर्घटनाओं के संबंध में लाइनमैनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के साथ ही सीहोर विद्युत मंडल के अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री और श्यामपुर के सहायक यंत्री की भूमिका की भी जांच की जाए। यदि जांच में लापरवाही प्रमाणित होती है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाए। किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक रात की बिजली कटौती की समस्या का समाधान नहीं होता और विद्युत दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। किसानों ने कहा कि मांगें पूरी नहीं होने पर सीहोर, भोपाल और शाजापुर सहित विभिन्न क्षेत्रों के गांवों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

जर्जर सड़क के लिए फिर धरना प्रदर्शन की तैयारी में वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर में जर्जर सडक़ों और बदहाल विकास कार्यों को लेकर जनता का सब्र अब जवाब देने लगा है। शहर में सडक़ों की प्वस्ताहाल स्थिति को लेकर आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला वार्ड क्रमांक 7 का है, जहां भोपाल नाका से मुरली अंडरब्रिज तक की सडक़ पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। इस समस्या से त्रस्त स्थानीय रहवासियों ने गुरुवार को नगर पात्रिका अध्यक्ष परिषद को ज्ञापन सौंपकर जल्द सडक़ निर्माण की मांग की है और सुनवाई न होने पर उग्र धरना आंदोलन की चेतावनी दी है।

बता दें शहर में सडक़ों की खराब हालत को लेकर नागरिकों का गुस्सा लगातार फूट रहा है। पिछले तीन महीनों के भीतर शहर में सडक़ों को लेकर यह चौथा बड़ा मामला है, जब लोग सडक़ों पर उतरने की तैयारी कर रहे हैं। इससे पहले हाउसिंग बोर्ड ओवरब्रिज पर सर्विस लेन की मांग को लेकर नागरिकों ने यज-हवन कर धरना-प्रदर्शन किया था। इसके बाद शहर के बडियाखेड़ी क्षेत्र के लोगों ने सडक़ की मांग को लेकर चक्काजाम किया था। जबकि तीन दिन पहले ही शहर के मंडी क्षेत्र के नागरिकों ने जर्जर सडक़ के विरोध में जोरदार चक्काजाम किया था। राहत की बात यह रही कि चक्काजाम के तुरंत बाद जनप्रतिनिधियों के आश्वासन पर वहां पंचवर्क का काम शुरु कर दिया गया था। अब इसी कड़ी में वार्ड 7 के रहवासियों ने भी चेतावनी दे दी है।

गिट्टियां उखड़ने से हो रहे हादसे, सांस लेना भी दूभर : वार्ड 07 के रहवासियों ने ज्ञापन में बताया कि भोपाल नाका से मुरली तक की सडक़ पर भारी वाहनों की लगातार आवाजाही और बारिश के कारण डामर पूरी तरह उबड़ चुका है। सडक़ पर बड़ी-बड़ी गिट्टियां फैल गई हैं, जिससे आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं।

इसके अलावा दिनभर गुजरने वाले वाहनों के कारण उडने वाली भारी धूल से आसपास के लोगों का स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। दुकानदारों का कहना है कि धूल जमने से खाने-पीने की सामग्री दूषित हो रही है और दुकानों की साफ सफाई रखना भी मुश्किल हो गया है।

अत्यंत व्यस्त मार्ग है यह सडक़

यह मार्ग शहर के सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त रास्तों में गिना जाता है। कृषि उपज मंडी से भोपाल नाका आने वाले या जमोनिया गांव और आसपास के ग्रामीण इलाकों से शहर के भोपाल नाका क्षेत्र जाने वाले हजारों लोग रोजाना इसी सडक़ का उपयोग करते हैं। खास बात यह है कि श्यामपुर-दोराहा क्षेत्र से आने वाले भारी वाहनों का शहर के भीतर प्रवेश प्रतिबंधित है। ऐसे में ये सभी भारी वाहन इसी मार्ग से होते हुए भोपाल नाका पर निकलते हैं, जिससे सडक़ की हालत और ज्यादा बदतर हो गई है।

सुनवाई नहीं हुई तो होगा बड़ा आंदोलन

वार्ड 7 के रहवासियों ने नगर पालिका प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो वे मजबूर होकर धरना प्रदर्शन और उग्र आंदोलन करेंगे। ज्ञापन सौंपने बालों में गेंदालाल यादव, आशीष, रानी यादव, पंकज यादव, प्रकाश यादव, अजय राव, स्वास्तिक और सूरज कुमार सहित वार्ड 07 के अनेक रहवासी शामिल हैं।

महाष्टमी को परंपरानुसार रात्रि बारह बजे महानिशा आरती और नवमी पर विशाल भंडारे का आयोजन

मरीह माता मंदिर में नौ दिन जलेगी अखंड ज्योत

सीहोर। नौ दिनी शारदीय नवरात्र पर्व रविवार से मनाया जाएगा। मंदिर में नौ दिन अखंड ज्योत जलेगी, हवन-पूजन और अनुष्ठानों किया जाएगा। माता मंदिर में नित नवीन श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर परिसर में शनिवार को अखिल भारतीय मारवाड़ी मंडल के तत्वावधान में यहां पर पितृ मोक्ष अमावस पर कन्याओं का पूजन और हवन का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंदिर के व्यवस्थापक रोहित मेवाड़ा और मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजु शैलेश अग्रवाल सहित अन्य शामिल थे।

शहर के विश्रामघाट स्थित प्रसिद्ध मरीह माता मंदिर में इन दिनों नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां पूर्ण हो गई है। मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, उमेश दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पर्व को लेकर विचार-विमर्श किए। हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। यहां पर सुबह हवन-पूजन के पश्चात आरती की जाएगी, इसके अलावा प्रतिदिन देवी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। वहीं महाष्टमी को परम्परानुसार रात्रि बारह बजे महानिशा आरती और नवमीं पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।



जिला संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा के भक्तों के लिए बहुत खास होता है। नवरात्रि के नौ दिन मां भवानी के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा की जाती है। शक्ति उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र रविवार को कलश स्थापना के साथ होगा। दुर्गा सप्तशती का पाठ आरंभ हो जाएगा।

भगवान गणेश की पूजा का विधान

उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पहले दिन व्रती द्वारा व्रत का संकल्प लिया जाता है. इस दिन लोग अपने सामर्थ अनुसार 2, 3 या पूरे 9 दिन का उपवास रखने का संकल्प लेते हैं। संकल्प लेने के बाद मिट्टी की वेदी में जौं बोया जाता है और इस वेदी को कलश पर स्थापित किया जाता है, हिन्दू धर्म में किसी भी मांगलिक काम से पहले भगवान गणेश की पूजा का विधान बताया गया है। अतः सर्वप्रथम गणेश का पूजन करना चाहिए, इसलिए इस परंपरा का निर्वाह किया जाता है। कलश को गंगाजल से साफ की गई जगह पर रख दें। इसके बाद देवी-देवताओं का आवाहन करें। कलश में सात तरह के अनाज, कुछ सिक्के और मिट्टी भी रखकर कलश को फूल और आम के पत्तों से सजा लें।

इस कलश पर कुल देवी की तस्वीर स्थापित करें या नारियल रखें। दुर्गा सप्तशती का पाठ करें इस दौरान अखंड ज्योति अवश्य प्रज्वलित करें, अंत में देवी मां की आरती करें और प्रसाद को सभी लोगों में बांट दें। शारदीय नवरात्रि की शुरूआत होती है। उस दिन दिन कलश स्थापना करके मां दुर्गा की पूजा करते हैं। नवरात्रि के 9 दिनों तक कलश पूजा स्थान पर ही रहता है। दुर्गा विसर्जन के दिन कलश को हटाया जाता है। नवरात्रि के प्रथम दिन कलश स्थापना के बाद मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा करते हैं।

माय भारत केंद्र द्वारा छात्राओं के लिए कॅरियर मार्गदर्शन व आत्मविश्वास निर्माण सत्र आयोजित

सीहोर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माय भारत केंद्र सीहोर द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सीहोर में छात्राओं के लिए करियर मार्गदर्शन एवं आत्मविश्वास निर्माण सत्र आयोजित किया गया।

जिला युवा अधिकारी प्रशंका जैन ने छात्राओं को आत्मचिंतन, लक्ष्य निर्धारण, कौशल विकास तथा भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया। सत्र के दौरान छात्राओं को अपनी रुचि, क्षमताओं एवं भविष्य के लक्ष्यों को पहचानने तथा उन्हें प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और संभावित चुनौतियों के समाधान पर विचार करने की गतिविधियां कराई गईं। कार्यक्रम में गांधी फेलोशिप से जुड़े युवाओं एवं माय भारत के स्वयंसेवकों ने भी सहभागिता की। कोलकाता से आए सन्मय दास ने मशरूम उत्पादन आधारित कृषि व्यवसाय मॉडल के माध्यम से उद्यमिता की संभावनाओं की जानकारी दी। उत्तर प्रदेश से आए ऋषित ने वित्तीय साक्षरता एवं बुनियादी साक्षरता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। माय भारत की स्वयंसेविका अंजलि ने भारतीय सेना में शामिल होने के अपने लक्ष्य एवं तैयारी के बारे में बताया, जबकि निधि ने शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने की अपनी आकांक्षा साझा की। छात्राओं को उपलब्ध अवसरों से जोड़कर उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान करना आवश्यक है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सकें और अपने ज्ञान एवं कौशल के माध्यम से समाज तथा राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकें।



विशाल भंडारे में उमड़ा आस्था का सैलाब खीर और मालपुए का लगाया भोग

श्रीमद भागवत कथा मनुष्य के जीवन को बनाती है सार्थक : पंकज कृष्ण महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्रीमद भागवत कथा का श्रवण मनुष्य जीवन को सार्थक बनाती है। जन्म तो हर प्राणी एवं मनुष्य लेता है लेकिन उसे अपने जीवन का अर्थ बोध नहीं होता है। बाल्यावस्था से लेकर मृत्यु तक वह सांसारिक गतिविधियों में ही लिप्त होकर इस अमूल्य जीवन को नश्वर बना देता है। श्रीमद् भागवत ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत होती है इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम लसूडिया परिहार में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिवस कथा व्यास पंडित पंकज कृष्ण महाराज ने कहे। शनिवार को परम पुज्य महासंत श्रीश्री 1008 बाबा श्री दयादास के आशीर्वाद से यहां पर भागवत कथा और भव्य भंडारे का आयोजन किया गया था। इसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। उन्होंने कहा श्रीकृष्ण का जन्म मनुष्य जीवन के उद्धार के लिए हुआ है। कंस ने उनके जन्म लेने को रोकने के लिए अथक प्रयास किए लेकिन सफल नहीं हो पाया। अंत में अपने पापों का घड़ा भरने पर श्रीकृष्ण के हाथों मरकर मोक्ष की प्राप्ति की। उन्होंने बताया मनुष्य जीवन सबसे उत्तम माना जाता है। इसी योनी में भगवान भी जन्म लेना चाहते हैं। जिससे वे अपने आराध्य ईश्वर की भक्ति कर सके। श्रीकृष्ण ने भागवत गीता के माध्यम से बुराई व सदाचार के बीच अंतर बताया। ईश्वर को धन दौलत व यज्ञों से कोई सरोकार नहीं है। वह तो केवल स्वच्छ मन से की गई आराधना के अधीन होता है। समय-समय पर भगवान को भी अपने भक्त की भक्ति के आगे झुककर सहायता के लिए आना पड़ा है। मित्रता, सदाचार, गुण, अवगुण, द्वेष सभी प्रकार के भावों को व्यक्त किया है। जब तक हम किसी चीज के महत्व को नहीं जानते तब तक उसके प्रति मन में श्रद्धा नहीं जगती। कहा कि जब तक भक्तों का मन पवित्र नहीं होगा तब तक भागवत कथा श्रवण का लाभ नहीं मिल सकता।

मंदिर और मस्जिद के बीच फैला कचरा

सीहोर। शहर के व्यस्त इलाकों में शामिल पोस्ट ऑफिस रोड पर साफ सफाई व्यवस्था की पोल खोलती एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस वायरल तस्वीर ने स्थानीय निवासियों में नाराजगी पैदा करने के साथ-साथ नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खास बात यह है कि जहां यह गंदगी का ढेर लगा है, उसके दोनों किनारों पर धार्मिक स्थल स्थित हैं। बता दें पोस्ट ऑफिस रोड पर बिजली की डीपी के पास कचरे के ढेर लगे रहते हैं, जिससे यहां दिनभर गंदगी पसरी रहती है। हालात यह हैं कि सडक़ के एक किनारे पर भगवान जगदीश का मंदिर स्थित है तो वहीं ठीक दूसरे किनारे पर लाल मस्जिद है। इन दोनों ही पवित्र धर्मस्थत्रों के बीच में कचरा फैलने के कारण वहां से गुजरने वाले श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां फैली गंदगी और उससे उठने वाली बदबू से लोगों का वहां बड़ा होना भी मुश्किल हो गया है।

नगर पालिका दफ्तर से महज 400 मीटर की दूरी : इस पूरे मामले की सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि जिस जगह पर यह गंदगी फैली हुई है, वहां से नगर पात्रिका का मुख्य कार्यालय केवल 400 मीटर की दूरी पर है। इतनी नजदीक कार्यालय होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों का ध्यान इस बदहाली की ओर न जाना कई सवाल खड़े करता है।

सिर्फ दी जाती है हिदायत, कार्रवाई शून्य : आसपास के दुकानदारों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा समय-समय पर सडक़ किनारे कचरा फेंकने वालों को केवल मौखिक हिदायत दी जाती है और जुर्माना लगाने की चेतावनी दी जाती है। लेकिन हकीकत यह है कि अब तक किसी भी व्यक्ति पर कोई आर्थिक जुर्माना या सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। प्रशासनिक सख्ती न होने के कारण कचरा फैलाने वाले लोग पूरी तरह बेफिक्र हैं और बेधडक़ होकर सडक़ पर कचरा फेंक रहे हैं।

सोशल मीडिया पर फोटो वायरल : धार्मिक स्थलों के ठीक बीच इस तरह गंदगी फैलने की यह तस्वीर अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। इस गंदगी का फोटो सोशल मीडिया के फेसबुक अकाउंट पर डाला गया है।



जनविश्वास अभियान के तहत हुए आयोजन में एसीएस दीपाली भी हुई शामिल

पंचायत क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने पर सरपंच का सम्मान किया

उद्यम संवाद में हितग्राहियों ने सांझा किए अपने अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को राजगढ़ ब्लॉक के चाटूखेड़ा में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव दीपाली रस्तोगी विशेष रूप से शामिल हुईं। इस दौरान एसपी अमित तोलानी ने ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं अपराधों पर नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

वहीं ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करवाने वाली पंचायत के सरपंचों को सम्मानित किया गया। करनवास के सरपंच मुकेश, रसूलपुरा के सरपंच ओमप्रकाश नगर, देहरीकराड़ की सरपंच ममता बाई तथा भिलवाड़िया के सरपंच पंच को सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। शिविर में राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, एसपी श्री तोलानी, जिपं सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने विभिन्न विभागों की गतिविधियों की समीक्षा



की तथा आमजन की समस्याओं के निराकरण की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा कर प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों एवं आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर नियमानुसार त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को समय पर राहत मिल सके।

समस्याओं का त्वरित निराकरण अभियान का मुख्य उद्देश्य

विधायक मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। शिविर के माध्यम से नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जनसंवाद से शासन और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायता मिलती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को शिविर में प्रस्तुत करें, जिससे उनका नियमानुसार निराकरण किया जा सके।

आवेदनों पर संवेदनशीलता से कार्रवाई करें अधिकारी

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनका प्रभावी एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त आवेदनों पर संबंधित आवेदकों से सीधे चर्चा कर समस्या के निराकरण की कार्रवाई की जाए। शिविर में आयोजित उद्यम संवाद के दौरान बताया गया कि विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से 46 हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है।

समूह को मिली 06 लाख की सहायता

शिविर के दौरान स्वामी विवेकानंद स्व-सहायता समूह को बैंक लिंकेज के माध्यम से छह लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई। इस वित्तीय सहायता से समूह की महिलाओं को आजीविका संबंधी गतिविधियों का विस्तार करने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

एसई दफ्तर के सामने धरने देकर बैठे कांग्रेसजन

किसानों को भूत समझा, रात में लाइट काट रहे



हरिभूमि न्यूज. राजगढ़। एसई साहब किसानों को आपने क्या भूत समझ रखा है जो रात में बिजली कटौती की जा रही है। खेतों में दिन भर काम करके जब किसान थका-हारा घर पहुंच रहा तो खाना तक नहीं खा पा रहा रहा। रात में बिजली काटने से महिलाएं खाना तक नहीं बना पा रही हैं। उक्त बात शुक्रवार दोपहर अधीक्षण यंत्री कार्यालय के सामने हुए धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने एसई से कही। इंकाजनों ने विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर चेतावनी दी है कि यदि 3 दिवस में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो जिला स्तरीय धरना आयोजित किया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्रों का जनजीवन हो रहा है प्रभावित

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार बिजली कटौती होने से आमजन को भी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जनजीवन प्रभावित हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने विद्युत विभाग से समस्या का शीघ्र निराकरण कर नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। इस दौरान पूर्व विधायक हेमराज कल्पोंनी, इंका पदाधिकारी प्रेम सिंह परिहार ने ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित होने से किसानों एवं आम नागरिकों को हो रही परेशानियों से अधिकारियों को अवगत कराया गया। चर्चा के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आगामी तीन दिवस के भीतर विद्युत आपूर्ति में सुधार किया जाएगा।

एसीएस दीपाली रस्तोगी ने परखी बच्चों की शैक्षणिक दक्षता



राजगढ़। ग्रामीण विकास की अपर मुख्य सचिव(एसीएस) श्रीमती दीपाली रस्तोगी शुक्रवार को जिले के भ्रमण पर थी। इस दौरान वे ग्राम पंचायत कुंडीबे के स्कूल पहुंची और बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर उनकी शैक्षणिक दक्षता का आंकलन किया। उन्होंने पंचायत में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का भी जायजा लिया। भ्रमण के दौरान रस्तोगी ने आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति, मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों एवं उनकी वित्तीय स्थिति, करारोपण तथा पीएम आवास योजना के क्रियान्वयन की जानकारी ली। साथ ही जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल एवं हर घर नल की स्थिति के संबंध में ग्रामवासियों से चर्चा कर पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया। इसके पश्चात उन्होंने कृष्ण गौशाला का निरीक्षण किया। गौशाला में स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित आटा मिल की गतिविधियों का अवलोकन किया तथा समूह के सदस्यों से चर्चा कर उनके कार्यों, आजीविका संवर्धन एवं स्वरोजगार से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, शिक्षा, पेयजल, आजीविका संवर्धन एवं ग्रामीण विकास से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लेना रहा।

वर्मा नए तहसीलदार, शर्मा को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट का दायित्व

सारंगपुर। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा सारंगपुर तहसील सहित कई तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना की गई है। इस आदेश के लागू होते ही सारंगपुर तहसील की प्रशासनिक कमान में भी बडा बदलाव देखने को मिला है। कपिल शर्मा की जगह पर अब सुनील वर्मा को तहसीलदार के रूप में अब सारंगपुर तहसील की कमान सौंपी गई है। श्री वर्मा इससे पहले जीरापुर के तहसीलदार एवं उपतहसील माचलपुर का प्रभार संभाल रहे थे। नवीन पदस्थापना के तहत वे अब सारंगपुर के मुख्य तहसीलदार होने के साथ-साथ उपतहसील पाडल्या का प्रभार भी देखेंगे। वहीं, अब तक सारंगपुर तहसीलदार एवं उपतहसील पाडल्या का दायित्व संभाल रहे कपिल शर्मा के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया गया है। जारी आदेश के तहत उन्हें अब कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सारंगपुर(नायब तहसीलदार) एवं प्रभारी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सारंगपुर का नया दायित्व सौंपा गया है।



लसुलिया रामनाथ में एक करोड़ से बनेगा गीता भवनः विधायक शर्मा



कुरावर। नगर परिषद परिसर में शुक्रवार दोपहर 12 बजे नगर परिषद की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने लसुलिया रामनाथ में करीब एक करोड़ रुपए की लागत से गीता भवन के निर्माण की बात कही। उन्होंने कहा कि गीता भवन के लिए शासकीय भूमि आवंटित कर निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई।बैठक में विधायक मोहन शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई बालाप्रसाद चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष वंदना तारू राजपूत और मुख्य नगर पालिका अधिकारी समंदर सिंह चैहान की उपस्थिति में नगर विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि दिलीप बाना, लखन चैहान, राजकुमार चैकसे, मोहन वर्मा, बद्रीलाल कुशवाहा, राजू मीणा, सचिन गिरी, राजेश मीणा, रमेश मालवीय, अनिल दरबार, राजेश पटेल एवं कमल दल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

दशहरा पर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा, कार्यकारिणी का गठन किया

भानपुरा /मंदसौर। श्री सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष योगेश गौड़ द्वारा श्री इंदरगढ़ मारुति आश्रम एवं करवा खेड़ी ताल आश्रम के प्रमुख व श्री सनातन धर्म मंडल संरक्षक महन्त योगी प्रकाश नाथ जी महाराज एवं अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह चौहान के आदेशानुसार आगामी दशहरा पर्व भव्य एवं परंपरागत रूप से मनाए जाने हेतु मार्गदर्शक मंडल में पूर्व दशहरा उत्सव एवं श्री सनातन धर्म मंडल के अध्यक्ष, दशहरा उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष गण, नगर के गणमान्य जन सहित सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति के पदाधिकारियों में कार्यकारी अध्यक्ष पद पर विकास माली, उपाध्यक्ष शरद बंबोरिया एवं दिव्यांशु भाना ,सचिव अमरलाल गायरी ,सह सचिव जयेश राठौर, कोषाध्यक्ष महावीर काला, सह कोषाध्यक्ष राजेंद्र राठौर सहित संगठन मंत्री, व्यवस्था प्रमुख, प्रचार मंत्री, झांकी प्रभारी, मीडिया प्रभारी, अखाड़ा प्रमुख एवं विशेष सहयोगी तथा कार्यकारिणी सदस्यों की लंबी लिस्ट जारी की है। श्री सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष योगेश गौड़ ने बताया कि आगामी 20 अक्टूबर को मनाये जाने वाले भव्य दशहरा पर्व की विभिन्न एवं ऐतिहासिक तैयारी की जा रही है।

टेटवाल ने दिए समयबद्ध निराकरण के निर्देश

लोक कल्याण शिविर में 12 गांवों के ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

ग्राम पंचायत धामंदा में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत लोक कल्याण शिविर आयोजित किया गया। इसमें मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सहभागिता कर 12 गांवों से आए नागरिकों की समस्याएं, शिकायतें और आवेदन सुने। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का प्राथमिकता से समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बाल विकास, विद्युत, खाद्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शासन की योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने और प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान शासन और जनता के बीच विश्वास मजबूत करने की महत्वपूर्ण पहल है।

सरकार का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना है। इस अवसर पर मंत्री डॉ. टेटवाल ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण किया और पौधों के संरक्षण का संदेश दिया। शिविर में जनपद सीईओ हेमेंद्र गोविल,मंडल अध्यक्ष गिरवर सिंह भंडारी, दिनेश नागर, सुरेश नागर, सरपंच वीरेंद्र सिंह चैहान सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

सरस्वती विद्या मंदिर में किया आयोजन

व्यसन मुक्ति पर दो नाटकों का मंचन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सरस्वती विद्या मंदिर, सारंगपुर में व्यसन मुक्ति पखवाड़े के अंतर्गत विद्यार्थियों में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यालय में आज दो नाटकों का मंचन किया गया, जिनके माध्यम से नशे से होने वाले नुकसान को दर्शाते हुए व्यसनमुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। नाटकों के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया गया कि नशे की आदत व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है।

विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे से दूर रहने तथा समाज में व्यसन मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। नाटकों में रिया, समृद्धि, मिस्बाह, कृष, पूर्वी, राहुल, कुलदीप, गौरी जोशी, नंदिनी पुष्पद , दृष्टि, आरुषि, राहुल, अनन्या एवं प्रियांशी सहित विद्यार्थियों ने सहभागिता



की। विद्यालय के प्राचार्य चैनसिंह बन्नासिया नेवी इस अवसर पर व्यसन के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। व्यसन मुक्ति पखवाड़े के अंतर्गत नाटक मंचन के साथ पोस्टर निर्माण, रैली सहित विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ भी आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में व्यसन मुक्ति का संदेश पहुँचाना तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए लोगों को प्रेरित करना है।

बिजली कटौती से हाहाकार, ब्लॉक कांग्रेस का ऐलानः घेराव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहरगढ़/मंदसौर

मध्यप्रदेश की मोहन सरकार के राज में किसान अंधेरे में जीने को मजबूर है।



कयामपुर क्षेत्र में पिछले 4-5 दिनों से विद्युत मंडल द्वारा की जा रही अघोषित कटौती ने आम जनता की नाक में दम कर दिया है। जिला पंचायत सदस्य व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष फौजी जगदीश धनगर ने सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा - दिन भर हमारा किसान भाई-बहन खेत में खरीफ की फसल के लिए पसीना बहाता है, और शाम को घर आता है तो घर में अंधेरा मिलता है। शाम 7 से 12 बजे तक और फिर पूरी रात बार-बार लाइट गुल। ये लोड शेडिंग नहीं, किसान के साथ धोखा है। चोरी की घटनायें बढेंगी रात्रिकालीन बिजली कटोत्री से तथा अंधेरे के कारण गांव में जहरीले सांप-बिच्छू और कंजरों का खतरा बढ़ गया है। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग असुरक्षित हैं। बच्चों की पढ़ाई ठप है। सरकार खुद को किसान हितैषी कहती है, पर हकीकत में किसान को सांपों के बीच रात गुजारने पर मजबूर कर रही है। बडे -बडे बिजली बिल आ रहे हैं जिससे उपभोक्ता परेशान हैं । बिजली समस्या आमजन की समस्या है ।

कांग्रेस का हल्ला बोल

इसी तानाशाही के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कयामपुर के नेतृत्व में 11 अक्टूबर रविवार को सुबह 11 बजे कयामपुर ग्रिड का घेराव किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य फौजी जगदीश धनगर ने क्षेत्र के सभी किसानों, माताओं-बहनों और युवा साथियों से अपील की है कि अपने हक की लड़ाई के लिए अधिक से अधिक संख्या में कयामपुर ग्रिड पर पहुंचें और इस आंदोलन को सफल बनाये।

70वीं राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का समापन, ग्वालियर संभाग बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



जिला शिक्षा कार्यालय, मंदसौर द्वारा आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय हॉकी 14 वर्ष बालक प्रतियोगिता का समापन समारोह हॉकी टर्फ मैदान, एमआईटी बायपास, मंदसौर पर हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल में ग्वालियर संभाग ने उज्जैन संभाग को 3-1 से हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। उपविजेता उज्जैन संभाग व तृतीय स्थान (हाई लाइन मैच विनर) पर सागर संभाग रहा।

समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मंदसौर विधायक विपिन जैन, मंदसौर हॉकी फेडरेशन क्लब अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा मिंज, जिला शिक्षा अधिकारी पंकज जाट, लोक शिक्षण भोपाल के ऑब्जर्वर देवेंद्र बाथम, जिला क्रीड़ा अधिकारी घीसालाल जोगचंद, संयोजक एवं प्राचार्य के.सी. सोलंकी आदि मंचासीन रहे। मंच से अतिथियों द्वारा विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीमों के खिलाड़ियों, कोच एवं मैनेजरों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र, शील्ड, पदक देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात सभी संभागों के प्रतिभागियों को शील्ड एवं पदक प्रदान किए गए।

जिला शिक्षा अधिकारी पंकज जाट ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) लखनऊ द्वारा हॉकी अंडर-14 बालक की नेशनल प्रतियोगिता की मेजबानी की जिम्मेदारी भी भगवान पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर जिला प्रशासन को प्राप्त हुई है। यह आयोजन 8 दिसंबर से 12 दिसंबर तक होगा, जिसमें भारत के सभी राज्यों की टीमें मंदसौर में अपना प्रदर्शन करेंगी। विधायक विपिन जैन ने उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन आने वाली नेशनल शालेय प्रतियोगिता के पूर्व तैयारी का सुनहरा अवसर है, यदि कोई कमी है तो उसे पहले ही पूर्ण करें।

मुख्यमंत्री से मिला अध्यापक संयुक्त मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल, हुई चर्चा

'प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देने की घोषणा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर अध्यापकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देने की मांग को लेकर चर्चा की। इसके बाद भोपाल के नीलम पार्क स्थित धरना स्थल पर कर्मचारी कल्याण आयोग के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रतिनिधि रमेश चंद्र शर्मा पहुंचे और उज्जैन संभाग के अध्यापक-शिक्षकों की उपस्थिति में इस संबंध में महत्वपूर्ण घोषणा की। रमेश चंद्र शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन से हैं और उज्जैन संभाग के शिक्षक साथियों की उपस्थिति में कर्मचारी हित में इस निर्णय की जानकारी देते हुए उन्हें प्रसन्नता हो रही है। सरकार कर्मचारियों के हित में एक बड़ा निर्णय लेने जा रही है। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष गजराजसिंह सिसोदिया ने जानकारी देते हुए ने बताया कि भोपाल



में अपनी मांगों को लेकर चल रहे 27 सितम्बर से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन एवं 1 अक्टूबर से क्रमिक भूख हड़ताल के 13वें दिन उज्जैन संभाग के अध्यापक-शिक्षकों के लिए यह महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया है।

इस अवसर पर संयोजक जगदीश यादव, परमानंद डहेरिया , राकेश नायक सहित मन्दसौर जिले से गजराज सिंह सिसोदिया अनिल सांखला हेमंत सुथार कीर्तिपाल सिंह सिसोदिया गोपाल सिंह आंजना ,गोविंद राम गहलोत , ईश्वर लाल फरक्या उज्जैन से हनीफ कुरेशी , सुषमा खिमेसरा रतलाम से डॉ मुनींद्र दुबे , वीणा शर्मा , सहित प्रदेशभर के अनेक पदाधिकारी व उज्जैन संभाग के सभी जिलों से अध्यापक शिक्षक साथी उपस्थित रहे। धरने का संचालन अनिल साँखला ने किया, । अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के संयोजक जगदीश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश का कोई भी शिक्षक साथी टीईटी परीक्षा का फॉर्म नहीं भरेगा।

भोपाल में आयोजित धरना-प्रदर्शन में उज्जैन संभाग के क्रम में मन्दसौर जिले से राजेश गुप्ता राकेश वर्मा, प्रह्लाद खटोड़, मिश्रीलाल बारेठ, जितेंद्र ठाकुर, लक्ष्मणसिंह बोराणा, गेंदालाल शर्मा, विजयसिंह परिहार, कैलाश गुप्ता, राजाराम डांगी, जगदीश बंबोरिया, किशोर पाटीदार, किशनलाल नाएमा, परमेश्वर राठौर, बद्रीलाल धाकड़, समरथ परमार, पन्नालाल प्रजापत, भगतराम पँवार, मनोहरसिंह परिहार, छविराज राजसिंह शक्तावत, विनोद चौहान, प्रभुलाल पाटीदार, श्यामसुन्दर पाटीदार, कारूलाल निमवाल, बद्रीलाल किटकर, जितेन्द्रसिंह राठौड़, दिलीप उपाध्याय, विनोद शर्मा, मनोहर सिंह चंदेल, विजय तिवारी, जगदीश वेध, भेलाल यादव , प्रदीप जाटव, महेश भावसार, महेश पोरवाल, भंवरलाल मिमरोट, दयालसिंह चौहान, कोमल परिहार, सहित सेकड़ो साथी सम्मिलित हुए। अध्यापक शिक्षक सँयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश ने स्पष्ट किया कि यदि 20 दिसंबर तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो आगे पुनः आंदोलन किया जाएगा।

नगर परिषद भानपुरा का साधारण सम्मेलन का आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/मंदसौर



नगर परिषद भानपुरा का साधारण सम्मेलन का आयोजन शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर स्थित नगर परिषद कार्यालय के सभा कक्ष में शनिवार 10 अक्टूबर को नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया की अध्यक्षता में एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद शर्मा की उपस्थिति में साधरण सम्मेलन आयोजित किया गया। आयोजित साधारण सम्मेलन में नामांकन प्रकरणों सहित चार विषय परिषद के सम्मुख रखे गए। जिन्हें सर्वसम्मति से स्वीकृत किये गये। रखे गए चार विषयों में कार्यालय भवन निर्माण की ठेकेदार द्वारा जमा की गई एफडीआर रिलीज करने को लेकर विचार विमर्श किया गया एवं इसमें वरिष्ठ कार्यालय का मार्गदर्शन मांगा गया। दशहरा पर्व 2026 मनाए जाने के संबंध में सनातन धर्म मंडल भानपुरा के प्राप्त आवेदन पर प्रतिवर्षानुसार दशहरा पर्व मनाए जाने अनुसार सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। वार्ड क्रमांक दो में गायत्री माता मंदिर से मनोज वाधवा की दुकान एवं आसपास की गलियों में सीसी रोड एवं नाली निर्माण एवं नामांतरण के 24 प्रकरणों में से दो प्रकरणों को छोड़कर 22 को सर्वसम्मति से पारित किये गया। आयोजित बैठक में उपाध्यक्ष रेहना डॉक्टर जाकिर शेख, नेता प्रतिपक्ष श्रीनाथ उपाध्याय, पार्षद गण सुभाष बागड़ी, श्रीनाथ उपाध्याय, शीतल भूटानी, मकसूद अंसारी, रोडूलाल चारण, रेखा पाटीदार, योगिता ठोरा, रिजवाना बी मंसूरी, कविता कसेरा, कृष्णा गुर्जर, सुरभि पनिहार एवं एल्डरमैन मनोज वधवा, मोहनलाल प्रजापति, सांसद प्रतिनिधि अभिषेक मांदलीया, विधायक प्रतिनिधि प्रवेश पनिहार एवं नगर परिषद कर्मचारी गण उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

व्यवस्था के लिए लगाई अधिकारियों की ड्यूटी

सीहोर। नवरात्रि पर्व के दौरान विजयासन देवी धाम में कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी संशोधित आदेश अनुसार 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक रेहटी स्थित सलकनपुर देवी मंदिर में नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कंट्रोल रूम स्थापित कर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई। जारी आदेश अनुसार अनुविभागीय अधिकारी बुधनी संजीव नागू सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी रहेंगे। नवरात्रि के दौरान कानून एवं यातायात व्यवस्था संचालन के लिए एसएडीओ बुधनी डीके मेहरा जिला समन्वयक सीहोर विकास वघाडे, जिला तकनीकी विशेषज्ञ सीहोर योगेश पाठक, एसएडीओ भैरूंदा पवन तिवारी मोबाइल, बीईओ बुधनी मणि शंकर शर्मा तथा बीआरसी भैरूंदा विजय पंवार को निर्धारित तिथियों में सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक तथा शाम 6 बजे से अगले दिन सुबह 6 बजे तक ड्यूटी पर तैनात किया गया है।

ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस सत्रों का आयोजन

सीहोर। जिले में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस अर्तगत यू-विन पोर्टल पर 194 सत्रों की योजना बनाई गई थी, जिनमें से 194 सत्र आयोजित किए गए। आयोजित सत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशन में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस आयोजित सत्र में शून्य से 1 वर्ष तक के 741 बच्चे, 1 वर्ष से अधिक आयु के 340 बच्चों का टीकाकरण किया गया। साथ ही 125 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। डॉ. डहरिया ने स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को पात्र बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने तथा गर्भवती महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं एवं परामर्श उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री वीसी से जुड़कर करेंगे संवाद

देवास। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 11 अक्टूबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देवास में आयोजित 'बलराम कृषि महोत्सव' एवं जिला स्तरीय किसान मेले में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में कृषकों को वर्चुअली संबोधित करेंगे।

ऐतिहासिक भव्यता-दिव्यता को बयां करता गढ़ भंवरा, दो अखंड ज्योति वाला अनोखा दुर्गा दरबार

गांव में ही कंजी के पेड़ों से मिलने वाले करंज के फल से तेल निकालकर मंदिर में प्रज्वलित होती है दो अखंड ज्योति

चैत्र नवरात्रि की दशमी को नाथ पुजारी माताजी को तेल चढ़ाता है। इसके बाद ग्राम की महिलाएं दूसरे दिन तेल चढ़ाती हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



किसी ऐतिहासिक तथ्य को प्रमाणित करने के लिए उसके मौजूदा भगनावशेष ही पर्याप्त होते हैं, क्योंकि किसी स्थान की ऐतिहासिकता-पुराणिकता का बखान तो उसके पुरावशेष इस पंक्ति के द्वारा बयां करते हैं कि- खंडहर बता रहे हैं इमारत बुलंद थी। यह जिले की आष्टा तहसील के ग्राम भंवरा, माता का भंवरा, इलाही माता का भंवरा और गढ़ भंवरा के लिए पर्याप्त है। वैसे ग्राम भंवरा तहसील या जिलास्तर पर किसी पहचान का मोहताज नहीं है, लेकिन पुरातात्विक, ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से संपन्न और वैभवशाली रहे ग्राम भंवरा के इतिहास के पन्नों से धूल हटाने के प्रयास आजादी के इतने वर्षों बाद भी न होना चिंता का विषय है।

गढ़ भंवरा से औरंगजेब उलटे पैर लौटा

ऐसी मान्यता है कि जब भारत वर्ष में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासतों, स्थलों को तहस-नहस के बर्बर-घृणित-वीभत्स अभियान में मूर्तिभंजक औरंगजेब लगा हुआ था, तब वह गढ़ भंवरा भी पहुंचा था। औरंगजेब ने तय कर रखा था कि वह हिन्दुओं के प्रत्येक देव स्थल के सम्मुख जाएगा और तीन आवाज लगाएगा, अगर उसे वहां से किसी चमत्कारी स्थान की अनुभूति होगी, तो उसे नष्ट नहीं करेगा। जब औरंगजेब ने गढ़ भंवरा में माँ दरबार के सम्मुख आवाज लगाई तो उसे कुछ विशेष अनुभूति हुई और वहां पर दण्डवत प्रमाण करते हुए इलाही नाम से संबोधित करके गया। तभी से लंबे समय तक भँवरा को इलाही माता का भंवरा के रूप में भी पुकारा जाने लगा। चैत्र नवरात्रि की दशमी को नाथ पुजारी माताजी को तेल चढ़ाता है। इसके बाद ग्राम की महिलाएं दूसरे दिन तेल चढ़ाती है। बाकी 12 व 13 तिथि को तेल उतारने का क्रम चलता है। इसमें श्रद्धालु महिलाएं विशेष रूप से भाग लेती है। यहां ऐसा अवसर विशेष होता है, जब वर्ष में एक बार गांव की प्रत्येक बेटी यहां पर हाल में पहुंचती है।

पांच दिवसीय मेला

महापूजन के एक दिन पहले से ही पांच दिवसीय मेला प्रारंभ होता है, जिसमें आसपास के दूरदराज के गांवों से भी लोग भाग लेने आते हैं और माताजी के दर्शन करते हैं। पिछले वर्ष की गई मन्नत के पूर्ण होने पर अपनी श्रद्धापूर्वक भेंट चढ़ाते हैं और प्रसाद वितरण करते हैं।

दो कुंड वाली बावड़ी

माँ शक्तिस्वरूपा भगवती की प्रतिमा चैतन्य रूप में है। जो श्रद्धालु याचक के रूप में माँ के दरबार में पहुंचते हैं, उनके सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। सच्चे साधक को माँ के यहां चारों पहर में अलग-अलग रूप में दर्शन भी होते हैं। ऐसी मान्यता है कि यहां पर भगवती का दरबार कभी साधना का मुख्य केंद्र था, क्योंकि माँ के दरबार के सम्मुख एक बावड़ीनुमा बड़ा जलाशय है, जो 120 फीट लंबे, 50 फीट गहरे और 30 फीट चौड़ाई के साथ दीवारों से घिरा है। बावड़ी में 100 से अधिक सीढ़ियां है। इसके जल का उपयोग आमजन पेयजल के रूप में करते हैं। गांव के कई गहरे जलाशय कई बार सूख गए, लेकिन माताजी की इस बावड़ी में कभी भी जलाभाव नहीं हुआ। इस बावड़ी में भी दो कुंड बने हुए हैं। दूसरे कुंड में तो कभी भी जल खत्म नहीं होता।

दोनों नवरात्रि पर हवन

माँ भगवती के दरबार में आश्विन शुक्ल (क्वांर प्रतिपदा नवरात्रि) एवं चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (नवरात्रि) में दुर्गा सप्तशती का विधिपूर्वक पाठ किया जाता है। दो दुर्गापाठी ब्राह्मण इस कार्य को पूरे नौ दिन मंदिर में आकर सम्पादित कराते हैं। नवमी के दिन मध्य रात्रि से हवन प्रारंभ होता है, जो दशमी की सुबह 5 बजे तक चलता है। चैत्र शुक्ल 13 से यहां पर पांच दिवसीय मेला भी भरता है। इसी दिन मध्य रात्रि के बाद दुर्गाजी का महापूजन सभी ग्रामवासियों की तरफ से सामूहिक रूप से किया जाता है। सभी लोग पूजा की थाल अपने घर से सजाकर लाते हैं और उसे दो बड़े थालों में इकट्ठा कर माताजी के चरणों के पास रख देते हैं। गांव के दोनों पटेल इस पूजा को सम्पादित करते हैं। नवरात्र में पूरे 9 दिन महाआरती भी आयोजित की जाती है।

करंज तेल के दो अखंड दीप

माताजी के दरबार में अखंड ज्योति एक तेलीय फल करंज ग्रामीण नाम कंजी और वनस्पति नाम पोंगामियाग्लेबरा करंज के तेल से जलती है। इस करंज को गांव में ही करंज के पेड़ों से प्राप्त कर ग्राम के ही तेली समुदाय घाने में निकालकर देते हैं। अखंड ज्योति का काम ग्राम के परमार समाज द्वारा सामूहिक रूप से लगान देकर किया जाता है। वसूली पटेल लगान वसूली के साथ यहां धनराशि एकत्रित करते हैं। देश में कहीं पर भी भँवरा को छोड़कर दो अखंड दीप और वह भी करंज के तेल से जलने के प्रमाण नहीं मिलते हैं।

समरसता का माहौल

ग्राम भंवरा में हिन्दू, मुस्लिम जैन समरसतापूर्वक रहते हैं। ग्राम में सभी जाति के लोग निवास करते हैं, जो शासक व्यवस्था का पूर्ण प्रमाण हैं, लेकिन गांव में आज भी कृषि के अलावा कोई उद्योग या रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने वाले उपक्रम नहीं चलते, जिससे भँवरा एवं आसपास के गांवों के बेरोजगार युवाओं के सामने रोजगार का बड़ा सवाल खड़ा है। अगर दर्शनीय स्थल के महत्व एवं यहां की मानव श्रमशक्ति को ध्यान में रखकर प्रशासन, जनप्रतिनिधि एवं सरकार इस क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दें तो यह स्थान देशभर में नई ख्याति अर्जित कर सकता है।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने रेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार आष्टा प्रवास पर रहे। रेस्ट हाउस में उन्होंने ग्रामीण ब्लॉक व नगर कांग्रेस के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं से सौजन्य भेंट की। इस दौरान क्षेत्र में हो रही अत्यधिक बिजली कटौती, किसानों की समस्याओं व संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की वस्तुस्थिति से उन्हें अवगत कराया। तत्पश्चात सिंघार दिवंगत विश्राम मेवाड़ा के परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। परिवार को आर्थिक सहयता का भरोसा दिया इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस राजेंद्र मंडलोई जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष महेश मुँदीखेड़ी पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, ब्लॉक अध्यक्ष अध्यक्ष धर्मेंद्र मेमदाखेड़ी, नगर अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डू गुलाब बाई ठाकुर रमेश मेवाड़ा सनावर ख़ान कमल चौहान राजकुमार मालवीय अरविंद जातखेड़ा मनोहर पंडितिया रसीद, कमल मेवाडा, जावर ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद सिंह सेमलीबारी, जगदीश चौहान, प्रेम पटरिया, घनश्याम जांगड़ा, प्यारै पटेल, कृपाल मालवीय, एलकर राजपूत, अखलेश राजपूत, राजेंद्र सिंह रामपुरा, देवराज परमार, देवराज मालवीय, यशवंत मालवीय, देन्द्र परमार, राहुल जाट, गोरे मैया, आशिक मंसूरी, पुषराज जादोंन सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सर्वपितृ अमावस्या पर गौसेवा कर अग्रसोच सोशल फाउंडेशन ने दिया सेवा और संस्कार का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भारतीय संस्कृति में सेवा को साधना और करुणा को सबसे बड़ा संस्कार माना गया है। इसी आस्था और सेवा भाव के साथ सर्व पितृ अमावस्या के पावन अवसर पर अग्रसोच सोशल फाउंडेशन के सदस्यों ने सीहोर-श्यामपुर रोड स्थित सीताराम आश्रम गौतीर्थ गौशाला पहुंचकर गौमाता की सेवा की।

इस अवसर पर गोवंश को फल-फ्रूट, हरा चारा, गुड़ एवं खली खिलाकर भोग अर्पित किया गया। साथ ही गौशाला संचालक पं. नरेश तिवारी का पुष्पमाला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। पं. नरेश तिवारी ने कहा कि गौमाता की सेवा ही प्रभु की सच्ची आराधना है। गौसेवा हमारी सनातन संस्कृति, श्रद्धा और संस्कारों का अभिन्न अंग है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार गौमाता की सेवा और संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। समाजसेवी एवं नगर सेठ विवेक रूठिया ने कहा कि सेवा, सहयोग और समर्पण समाज की वास्तविक शक्ति हैं। गौसेवा जैसे पुनीत कार्य नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ते हैं और जीवों के प्रति दया एवं संवेदना का भाव जागृत करते हैं। वहीं समाजसेवी नरेंद्र गोस्वामी ने कहा कि जीवों के प्रति करुणा और सेवा का भाव ही मानवता की सच्ची पहचान है। प्रत्येक व्यक्ति को ऐसे सेवा कार्यों में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार आर.ए. शेख मुंशी, समाजसेवी विवेक रूठिया, नरेंद्र गोस्वामी तथा फाउंडेशन के संस्थापक आशीष गुप्ता अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सभी ने गौमाता की सेवा कर समाज में आस्था, करुणा और समर्पण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में फाउंडेशन के संस्थापक आशीष गुप्ता अग्रवाल ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अग्रसोच सोशल फाउंडेशन का उद्देश्य सेवा को केवल शब्दों तक सीमित न रखकर उसे व्यवहार में उतारना है। संस्था गौसेवा, जनसेवा और सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से सेवा एवं संस्कारों की भावना को निरंतर आगे बढ़ाती रहेगी।

विहिप बजरंग दल ने ज्ञापन सौंपकर नवरात्रि में मांस, मदिरा की दुकान बंद करने मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड जावर की ओर से तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को एक आवेदन के माध्यम से सूचना दी गई की नवरात्रि त्योहार के दौरान जहां कहीं भी मंदिरों के आसपास मांस एवं मदिरा की दुकान है या तो उन्हें स्थानांतरित कर उन्हें मंदिर से कम से कम 1000 मीटर दूर भेजा जाए या नवरात्रि के दौरान पूर्ण प्रतिबंध किया जाए, इस बात को लेकर ज्ञापन दिया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर, जिला सह मंत्री राकेश सिंह ठाकुर ,जावर प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर ,जावर प्रखंड संयोजक कपिल खरे,प्रखंड मंत्री राहुल सिंह ठाकुर,प्रखंड सह संयोजक भूपेंद्र सिंह ठाकुर, कुरावर खंड संयोजक लखन ठाकुर ,रवि राठौड़ ,सचिन राठौड़ ,बलवान सिंह ठाकुर, अर्जुन सिंह ठाकुर आदि संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रमुख सचिव ने सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण



सीहोर। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह ने भैरूंदा सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लेबर रूम, ओपीडी, आईपीडी वार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं तथा दवाओं की उपलब्धता और जांच व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया तथा संचालित सेवाओं पर संतुष्टि व्यक्त की। इसके पश्चात प्रमुख सचिव सिंह ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर छिदगांव मौजी का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पदस्थ आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी से केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों और उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। साथ ही गर्भवती माताओं की स्थिति, गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, पात्र दंपतियों के पंजीयन तथा गैर-संचारी रोग (एनसीडी) कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे पंजीयन की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीहोर, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी भैरूंदा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक उपस्थित रहे।

लोड शेडिंग के नाम पर हो रही बिजली कटौती, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



ग्रामीण क्षेत्रों में लोड शेडिंग के नाम पर बिजली विभाग द्वारा कटौती की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्या ग्रामीण क्षेत्रों में इंसान नहीं रहते क्या जो बिजली कटौती रात में हर 1 दो घंटे पर होती है। बिजली कटौती से परेशान होकर ग्रामीणों ने कजलास ग्रीड पर रात 10 बजे से लेकर सुबह 9 बजे तक धरना प्रदर्शन किया। मौके पर तहसीलदार, बिजली विभाग अधिकारी, पुलिस प्रशासन पहुंचे और समस्या का समाधान करने का अस्वासन दिया जब ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया। ग्रामीणों ने लिखित में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। गांव कजलास, बिसूखेड़ी, बमुलिया रायमल, छायन, कुण्डिया नाथू, जीवापुर महोडिया और समस्त क्षेत्र वासी लोड सेटींग के नाम पर हो रही अघोषित बिजली कटौती से बहुत परेशान हैं। ऐसे में सामने हिन्दू त्यौहार नवरात्र प्रारंभ होने के कारण सभी लोग आक्रोषित है। ऐसे समय में अगर बिजली कटौती में सुधार नहीं होता है तो उग्र आंदोलन होगा। अतः इसमें सभी गांव की सहमति है यह आवेदन दिया गया है। अगर उग्र आंदोलन होता है इसके लिए प्रशासन स्वयं जवाबदार रहेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान राजा ठाकुर सरपंच कुण्डियानाथू, सुरज सिंह ठाकुर बमुलिया रायमल, जय सिंह, रविन्द्र सिंह ठाकुर कजलास, हरेन्द्र सिंह, सुकपाल सिंह ठाकुर, जोगेन्द्र, सवाई सिंह, उदय सिंह, भीम सिंह, राहुल सिंह एवं समस्त आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से उपस्थित रहे। गांव वासियों एवं करणी सेना कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है। अगर समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसका जिम्मेदार स्वयं प्रशासन रहेगा।

तपोभूमि देवबड़ला में भूतड़ी अमावस्या पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

पितृ पक्ष के अंतिम दिन स्नान कर किया तर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बिलपान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। देव बड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि शनिचरी अमावस्या, भुतड़ी अमावस्या, सर्वपितृ अमावस्या पितरों को समर्पित है और उनकी आत्मा की शांति के लिए पूजा और दान किया जाता है। इस दिन पितरों के निमित्त तर्पण, दान और भोजन कराने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए गए दान और तर्पण से पितरों की आत्माओं को शांति मिलती है।

इस दिन घर को स्वच्छ किया जाता है, शुद्ध वस्त्र धारण किए जाते हैं और दक्षिण दिशा की ओर मुख करके पितरों का स्मरण किया जाता है। क्योंकि यह पितृ पक्ष का अंतिम दिन होता है और इसी दिन पितरों को विदाई दी जाती है. इस दिन पितरों को याद करके पिंड दान, तर्पण और दान-पुण्य किया जाता है, जिससे उन्हें शांति मिलती है और वंश में वृद्धि होती है इन्हीं सब मान्यताओं के चलते क्षेत्र की प्राचीन धरोहर देवांचल धाम देव बड़ला में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने नेवज नदी के पवित्र जल से स्नान कर बाबा विल्वैश्वर महादेव का जल अभिषेक पुजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति व समृद्धि के लिए मंगल कामनाएं की।

मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगत जी ने कहा देव बड़ला सिहोर जिले में आस्था का सबसे बड़ा केंद्र होने के बाद भी आज तक 24 घंटे वाली बिजली सुलभ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है श्रद्धालुओं को करना पड़ता है परेशानी का सामना सुलभ शौचालय जैसी व्यवस्था नहीं होने से महिलाओं को होती है बड़ी परेशानी निराश होकर लौटती है अपने घर, जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान।

शनिचरी अमावस्या पर गांव के नव निर्मित शनि मंदिर में हुआ भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



शनिवार को शनिचरी अमावस्या के अवसर पर ग्राम खाचरोद में निर्माणाधीन भगवान शनि देव के मंदिर पर सुबह से ही दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने हवन पूजा पाठ आराधना भक्ति भाव से परिपूर्ण होकर भगवान शनि देव के दर्शन किए। भक्तों द्वारा भगवान शनि देव से मंगल कामना की और दर्शनों का लाभ लिया। वहीं मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। जहां खाचरोद सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र खामखेड़ा बलिया बरघाटी रोलागाव के भक्त द्वारा भगवान की पूजा पाठ कर प्रसादी ग्रहण की।